# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 21 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 53

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : 288 सीटों पर शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान दर्ज, सलमान खान कड़ी सुरक्षा में वोट डालने पहुंचे

**मुंबई । आरएनएस**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 288 सीटों के लिए मतदान जारी है । इस विधानसभा चुनाव में 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है, जबकि कुल 158 दल चुनावी मैदान में है। महाराष्ट्र चुनाव 2024 में शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान हुआ।



गढ़चिरौली में सबसे ज्यादा 69.63% और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07% वोट डाले गए।अभिनेता सलमान खान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट डालने के बाद एक मतदान केंद्र से बाहर निकले।

महाराष्ट्र ष्टरू और कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार एकनाथ शिंदे ने वोट डाला। महाराष्ट्र ष्टरू और कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार एकनाथ शिंदे ने कहा, आज लोकशाही का उत्सव है। सभी को वोट करना चाहिए। ये देश को मजबूत बनाएगा... लोगों ने हमारा ढाई साल का काम भी देखा है और उनका भी देखा है। जो विकास को रोका था, हमने उसे शुरू किया।

फिल्म इंडस्ट्री के सेलेब्स अक्षय कुमार राजकुमार राव, फरहान अख्तर वोट डालने पहुंचे। सचिन तेंदुलकर ने भी परिवार के साथ मुंबई के पोलिंग स्टेशन पर वोट डाला और लोगों से अपील की कि वे घरों से निकलें और वोट डालने की जिम्मेदारी निभाएं। ह्रष्टक्क अजित पवार के नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने कहा- पहली बार अकेले वोट डालने आया हूं, उनकी कब्र पर गया था। पिता मेरे साथ हैं।

### उर्मिला मातोंडकर, सोनू सूद और फरहान अख्तर ने किया मतदान

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 288 सीटों पर मतदान जारी है। इसी कड़ी में अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ उर्मिला मातोंडकर और बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद और फरहान अख्तर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अभिनेत्री ने सभी से समाज की भलाई के लिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान करने का आग्रह भी किया। अभिनेत्री-राजनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी शेयर किया है।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई वीडियो में वह मतदान केंद्र के पास खड़ी हुई दिखाई दे रही है। उर्मिला सफेद शर्ट और भूरे रंग की पैंट पहने हुए दिखाई दे रही हैं। क्लिप में, अभिनेत्री वोट डालने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए फैंस को यह संदेश दिया कि उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।

## झारखंड में आखिरी चरण की 38 सीटों पर 67.59 फीसदी मतदान, पहली बार हिंसामुक्त चुनाव

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में 81 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए मतदान संपन्न हो गया। बुधवार को दूसरे और आखिरी चरण में 38 सीटों पर 67.59 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह शाम 5 बजे तक का प्रारंभिक आंकड़ा है। फाइनल आंकड़े में कुछ प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके पहले 13 नवंबर को 43 सीटों पर पहले चरण में हुए चुनाव में 66.65 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। संथाल परगना की महेशपुर विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 79.40 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले हैं। इस चरण की सर्वाधिक मतदान वाली अन्य सीटों में जामताड़ा जिले की नाला (78.75), देवघर जिले की सारठ (77.94), रांची जिले की सिल्ली (76.70), दुमका जिले की शिकारीपाड़ा (74.31) सीट शामिल हैं। सबसे कम मतदान बोकारो शहरी सीट पर 50.52 प्रतिशत और धनबाद में 52.31 प्रतिशत दर्ज किया गया है। सबसे खास बात यह रही कि झारखंड के अलग राज्य के अस्तित्व में आने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव रहा, जिसमें हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। दशकों तक नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में बंपर वोटिंग का रिकॉर्ड बना। यह चुनाव इस मायने में भी उल्लेखनीय रहा कि महिलाओं ने सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाया। पहले चरण की 43 में 37 सीटों पर पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा संख्या में मतदान किया था।

बुधवार को दूसरे चरण के मतदान में भी यही ट्रेंड रहा। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीटों पर सामान्य सीटों की तुलना में ज्यादा मतदान हुआ है। राज्य में दोनों चरणों को मिलाकर कुल 2 करोड़ 26 लाख से ज्यादा वोटर थे। इसके साथ ही चुनाव में उतरे कुल 1,211 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

इनमें बरहेट सीट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सरायकेला से पूर्व सीएम चंपई सोरेन, राजधनवार सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी, चंदनकियारी से झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, नाला सीट से विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, गांडेय सीट से झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, सिल्ली सीट से आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो भी शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चेन्नई में हिट एंड रन, तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू की टक्कर से उछलकर 100 मीटर दूर गिरा वीडियो जर्नलिस्ट, हादसे में हुई मौत

**चेन्नई ।** चेन्नई में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से तेलुगू चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट की मौत हो गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि वीडियो जर्नलिस्ट हवा में उछलकर 100 मीटर दूर जा गिरा। यह हादसा एलिवेटेड हाईवे पर हुआ। वीडियो जर्नलिस्ट की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। तेलुगू न्यूज चैनल में कैमरापर्सन थे। इसके साथ ही वे पार्ट टाइम रैपिडो बाइकर के तौर पर भी काम करते थे।

### आतंकवाद पर अंकुश लगाना पाकिस्तान से बातचीत की पहली शर्त, यूएन में भारतीय राजदूत का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तभी शुरू हो सकती है, जब पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करे। भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत सीमापार आतंकवाद का पीड़ित है और आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टोलरेंस की नीति है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश भी शामिल हुए। कार्यक्रम में जब भारतीय राजदूत से पाकिस्तान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संपर्क करने और बातचीत करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत में पाकिस्तान की तरफ से जारी आतंकी गतिविधियों ने विश्वास को खत्म कर दिया है। पाकिस्तान के साथ बातचीत में पहला मुद्दा आतंकवाद का खात्म है और यह एक अहम मुद्दा है।'

### बाइक सवार दो भाइयों को कुचलते हुए निकल गया एक अज्ञात वाहन, घर में पसरा मातम

**मेरठ (आरएनएस )।** सरधना क्षेत्र में गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर घने कोहरे में सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों जॉनी (31) और नीरज (29) को टक्कर मार दी। सडक़ पर गिरने के बाद वाहन उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया। दोनों भाई कई घंटे सडक़ किनारे पड़े रहे। बाद में पुलिस उन्हें सीएचसी लेकर पहुंची, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ईकड़ी निवासी नीरज पुत्र फकीरा और जॉनी पुत्र सुशील सोमवार शाम बाइक पर सकौती में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसके बाद देर रात कांवड़ मार्ग से होते हुए गांव ईकड़ी लौट रहे थे। घने कोहरे के बीच चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर गांव अटेरना के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सडक़ पर गिरने के बाद भी वाहन उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। कोहरा कुछ कम होने पर राहगीरों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई।

## राजस्थान में भयानक सड़क हादसा, मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस को डंपर ने मारी टक्कर; 4 की मौत

**पाली**

राजस्थान के पाली जिले में हुए सडक़ हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार रात करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार डंपर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे इनमें से इलाज के दौरान 2 और लोगों की मौत हो गई। रोहट के थानाधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि एक मरीज अशोक को अहमदाबाद से एंबुलेंस में जोधपुर लाया जा रहा था। उसके साथ उसके परिजन भी थे।

**मरीज को एक एंबुलेंस से दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट करते समय हादसा-** सिंह के अनुसार, गजनगढ़ के पास अचानक सडक़ पर मवेशी आ गया और एंबुलेंस से टकरा गया। हादसे में एंबुलेंस को नुकसान पहुंचा और जोधपुर से दूसरी एंबुलेंस बुलाई गई। जब मरीज को दूसरी एंबुलेंस से ले जाया जा रहा था तभी तेज गति से जा रहे एक डंपर ने (दुर्घटनाग्रस्त) एंबुलेंस को टक्कर मार दी जिससे मोहिनी देवी और फगली देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दो अन्य हरिराम और सुनील ने जोधपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सुनील एंबुलेंस का चालक था। इस हादसे में अशोक घायल हो गया और उसका इलाज किया जा रहा है।

**टक्कर के बाद उछलकर झाड़ियों में गिरीं महिलाएं-** हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद महिलाएं उछलकर करीब 8 फीट दूर सडक़ किनारे झाड़ियों में जा गिरीं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और हाइवे की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तुरंत महिलाओं व अन्य को लेकर बांगड़ अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक दोनों महिलाओं की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार, हादसे में मरीज की रिश्तेदार बाड़मेर जिले के गुड़ा मालानी की रहने वाली मोहनी देवी विश्नोई, फगली देवी विश्नोई, हरिराम और एंबुलेंस ड्राइवर सुनील बिश्नोई की मौत हो गई। मृतकों के शव अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिए गए हैं।

## तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद विवाद के बाद अब हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में चढ़ने वाले रोट प्रसाद के सैंपल भी फेल

**हमीरपुर । आरएनएस**

तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में मिलावट को लेकर विवाद के बाद अब कई मंदिरों के प्रसाद पर भक्तों की नजर टिकी हुई है। देश के प्रसिद्ध मंदिरों की संस्थाएं और ट्रस्ट इस मामले में अब सावधानी बरत रही हैं। इस सबके बीच हिमाचल के हमीरपुर के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर के प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल उठ रहा है।



दरअसल हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में चढ़ाए जाने वाले रोट (प्रसाद) की गुणवत्ता पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि कंडाघाट लैब ने इसको लेकर अपनी रिपोर्ट जारी की है। लैब द्वारा जांचे गए रोट(प्रसाद) के सैंपल के चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट में रोट की गुणवत्ता स्वास्थ्य मानकों पर खरी नहीं उतरी है और इसे खाने के लिए सुरक्षित नहीं माना गया है।

इससे पहले, सितंबर में तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में हुई गड़बड़ी को लेकर उठे विवादों के बाद, लोगों ने अन्य मंदिरों में दिए जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे। इसके मद्देनजर, अक्टूबर में फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने मंदिर की कैंटीन और अन्य दुकानों में निरीक्षण कर रोट के सैंपल इक् किए थे। जांच रिपोर्ट में रोट के सैंपल फेल पाए गए हैं, जिससे मंदिर प्रशासन के लिए चुनौती पैदा हो गई है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) में मिलावट का मामला सामने आया था। उसी की तर्ज पर हमने कुछ मंदिरों से जांच के लिए सैंपल इक् कराए थे। दियोटसिद्ध में स्थित मंदिर से हमने रोट (प्रसाद) की गुणवत्ता के लिए सैंपल भरवाए थे। रोट (प्रसाद) की रिपोर्ट चौंकाने वाली आई है और यह स्वास्थ्य मानकों पर फेल हुई है। उसमें बासीपन रेंसिडिटी का मामला सामने आया है। इसमें आगे की कार्रवाई करेंगे। मंदिर में अन्य लोग जो रोट बनाते हैं, हम उनसे गुजारिश करेंगे वो इस पर ध्यान दें। विभाग इस पर कार्रवाई करेगा।

बता दें कि सितंबर में आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में जो प्रसाद भक्तों को लड्डू के रूप में दिया जाता है, उसमें जानवरों की चर्बी और मछली तेल से बनाई जाने वाली घी का उपयोग करने की बात सामने आई थी। मिलावटी घी से बने प्रसाद के खुलासे ने पूरे देश के करोड़ों भक्तों की आस्था पर गहरी चोट पहुंचाई थी। इस बात के सामने आने के बाद से देशभर के साधु-संतों ने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की मांग शुरू की थी।

## गुयाना और बारबाडोस प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों से करेंगे सम्मानित

**नई दिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना और बारबाडोस अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें प्राप्त हुए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की कुल संख्या 19 हो जाएगी।

गुयाना प्रधानमंत्री को 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करेगा, जबकि बारबाडोस उन्हें 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित करेगा। इस बीच पीएम मोदी अपनी यात्रा पर गुयाना पहुंच गए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर गुयाना के राष्ट्रपति डॉक्टर इरफान अली और प्रधानमंत्री मार्क एंथोनी फिलीप्स को गुयाना में स्वागत के लिए धन्यवाद दिया.

गुयाना पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नाइजीरिया की अपनी यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने राष्ट्रपति टीनूबू के साथ सफल द्विपक्षीय वार्ता की। इस यात्रा के दौरान नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च



सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' (जीसीओएन) प्रदान किया।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू द्वारा प्रदान किया गया यह पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व और भारत-नाइजीरिया संबंधों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया।

टीनूबू ने कहा, नाइजीरिया भारत के साथ अपने उत्कृष्ट संबंधों को महत्व देता है, और हम इसे और गहरा और व्यापक बनाने के लिए काम करते हैं। आप लोकतांत्रिक मूल्यों और मानदंडों के प्रति बहुत मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप ऐतिहासिक रूप से अच्छा काम करते रहे हैं; एक जटिल समाज में लगातार तीन चुनाव जीतना एक ऐसी उपलब्धि है जिसका हम बहुत सम्मान करते हैं।

नाइजीरियाई राष्टपति ने कहा, मैं आज आपको (भारत के प्रधानमंत्री), नाइजीरिया के राष्ट्रीय सम्मान, ग्रैंड कमांडर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ नाइजर से सम्मानित करूंगा। यह एक भागीदार के रूप में भारत के प्रति नाइजीरिया की प्रशंसा और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री जीसीओएन प्राप्त करने वाले दूसरे विदेशी गणमान्य व्यक्ति हैं, यह सम्मान पहली बार 1969 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को दिया गया था।

इस सप्ताह की शुरुआत में, डोमिनिका ने कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के महत्वपूर्ण समर्थन और भारत-डोमिनिका संबंधों को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान, 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित करने की घोषणा की थी।

डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन गुयाना में भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## मणिपुर हिंसा : उग्रवादियों के खिलाफ बड़े ऐक्शन की तैयारी, 3 जिलों में कर्फ्यू में ढील; इंटरनेट बहाल

**इंफाल । आरएनएस**

मणिपुर में बढ़ते तनाव के बीच, राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें जिरीबाम जिले में हाल की हत्याओं के लिए जिम्मेदार उग्रवादियों के खिलाफ 'बड़े पैमाने पर अभियान' चलाने की बात कही गई है। सोमवार रात हुई इस बैठक में 27 विधायकों ने भाग लिया। प्रस्ताव में कहा गया है कि छह निर्दोष लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सात दिन के भीतर बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया जाए। इसके साथ ही उन्हें गैर कानूनी संगठन घोषित किया जाए।

पारित हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार 14 नवंबर के आदेश के अनुसार तत्काल प्रभाव से अफस्पा लागू करने की समीक्षा करेगी। यह भी तय किया गया कि यदि इन सभी प्रस्तावों को निर्धारित अवधि के भीतर लागू नहीं किया जाता है तो सभी राजग विधायक मणिपुर के लोगों के परामर्श से आगे की कार्रवाई तय करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री सचिवालय ने कहा कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति के निष्कर्षों के आधार पर उपद्रवियों पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। इंफाल घाटी के तीन जिलों में मंगलवार को कर्फ्यू में ढील दी गई और ब्रॉडबैंड इंटरनेट पर लगी रोक कुछ शर्तों के साथ हटा ली गई। जिला प्रशासन द्वारा जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया है कि इम्फाल पूर्व और पश्चिम तथा काकचिंग जिलों में सुबह 5 बजे से 10 बजे तक निषेधाज्ञा में ढील दी गई है।

## उत्तर प्रदेश उपचुनाव : चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव के बीच कई जगहों से बवाल की खबरें आ रही हैं। इसी बीच चुनाव आयोग ने अलग-अलग पांच जिलों में पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। इसमें दो कानपुर, दो मुजफ्फरनगर और एक मुरादाबाद के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को पुन: निर्देश दिया गया है कि मतदाताओं की आईडी चेक की जाए। यह आईडी चेक करने का काम पोलिंग बूथ के अंदर मतदान कर्मी करेंगे। बाहर जो पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगे हैं, उनके द्वारा किसी प्रकार की चेकिंग और किसी को रोका नहीं जाएगा। अगर ऐसी कोई शिकायत आती है और जांच में सही पाया जाएगा तो चुनाव आयोग इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करेगा।

बता दें कि नौ सीटों पर चल रहे मतदान के दौरान समाजवादी पार्टी लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव आयोग को शिकायत कर रही थी। फिर, पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भाजपा और आयोग पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कई अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के नाम भी कोट किए। इसके बाद चुनाव आयोग हरकत में आया और एक्शन लिया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जबसे वोट पडऩा शुरू हुआ तब से लगातार शिकायतें आ रही हैं। लगता है कि चुनाव आयोग की इंद्रियां काम नहीं कर रही हैं। भाजपा ये चुनाव वोट से नहीं खोट से जीतना चाहती है।

## सूरत की इमारत में गैस सिलेंडर में लगी आग, 7 लोग झुलसे

**सूरत**

गुजरात के सूरत में एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला है। यहां बुधवार की सुबह एक इमारत में गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद 7 लोग झुलस गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना कतारगाम इलाके में स्थित कृष्णा कॉम्प्लेक्स इमारत की दूसरी मंजिल पर सुबह करीब 6 बजे हुई है। उन्होंने बताया कि इमारत के एक छोटे से कमरे में मौजूद 18 से 27 वर्ष की आयु के सात लोग झुल गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें सुबह 6.18 बजे मिली थी।



**दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू**

घटना की सूचना मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए तीन दमकल केंद्रों से 6 गाड़ियों को मौके पर भेज दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और आग बुझाने का कार्य एक घंटे में पूरा कर लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने घटनास्थल से तीन गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इस मामले की आगे की कार्रवाई का जी रही है। बता दें कि बीते दिनों गुजरात में एक और ऐसा ही मामला देखने को मिला था, जहां चलती ट्रेन में आग लग गई थी। जानकारी के मुताबिक गुजरात के भरूच और अंकलेश्वर के बीच चलती ट्रेन में यह आग लगने की घटना देखने को मिली थी।

**बीते दिनों ट्रेन में लगी थी आग**

इस दौरान मुंबई-अमृतसर एक्सप्रेस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। यह आग भरूच जिले के सिल्वर ब्रिज के पास लगी थी। ट्रेन में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से अचानक आग लग गई। इसके बाद ट्रेन से धुआं निकलता देख यात्री घबरा गए और ट्रेन से उतरकर नीचे आ गए। इस दौरान ट्रेन को 45 मिनट तक रोकना पड़ा। सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड के साथ-साथ पुलिस भी मौजूद रही। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बता दें कि यह ट्रेन मुंबई से अमृतसर जा रही थी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग और ट्रेन कर्मियों ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया।